(c) The Central Vigilance Commission Bill, 2003	4 Hours
3. Consideration and passing of the following Bills:	
(a) The Merchant Shipping (Amendment) Bill, 2003	1 Hour
(b) the Marriage Laws (Amendment) Bill, 2003	2 Hours

SHRI JIBON ROY (West Bengal) : Mr. Chairman, Sir, the Airports Authority of India (Amendment) Bill is a matter concerning privatisation; only one hour has been given. At least, allow us to discuss the Bill for a longer period.

MR. CHAIRMAN: We will discuss that later on.

LEAVE OF ABSENCE

MR. CHAIRMAN: I have to inform Members that the following letter has been received from Shri B.P. Apte stating that after attending a conference at Panama as a Member of Parliamentary Delegation he will be going to USA. He has, therefore, requested for the grant of Leave of Absence from 21st July to 4th August, 2003, during the current Session of the Rajya Sabha.

Does he have the permission of the House to remain absent from all meetings of the House from 21st July to 4th August, 2003?

(No Hon. Member dissented)

MR. CHAIRMAN: Permission to remain absent is granted.

MATTER RAISED WITH PERMISSION

Withdrawal of Charges by CBI against highly placed accused

SHRI PRANAB MUKHERJEE (West Bengal): Sir, what about the motion which we had given to you to raise a discussion under rule 170? Notice has been given under rule 168, and the discussion should take place under 170. I have pointed out in the motion that we would not like to interfere with the functioning of the Judiciary or any *sub judice* matter, but, surely, from the precedents which have been followed on earlier occasions,

there is a scope that even if a motion appears, partly, to be *sub judice*, the part which is not *sub judice* can be discussed, and it has been discussed in the past. Once it was discussed in a motion moved by Shri N.G. Ranga on 7th April, 1966, and, again, in another motion on 16th of November, 1971. It was discussed; though the motion appeared to be *sub judice*, the Speaker gave a ruling that if the entire matter was not *sub judice*, a part of it could be discussed. I have given a motion for discussion and I am reading that motion : "This House is of the opinion that the partisan manner in which CBI is utilized to abuse the legal process, to subvert the rule of law in the Babri Masjid Demolition case, is highly condemnable." This issue is agitating the mind of the people due to which we could not transact the normal business in the Question Hour today morning. A similar thing happened in the other House also, but I am not making any reference to that. What we said on the floor of this House is that we require a satisfactory response from the Government on various issues which have arisen in connection with the withdrawal of the charge-sheet where certain persons were accused of hatching a conspiracy under IPC 120 (B). It was not in the original FIR which was brought, but, subsequently, in the course of investigations, over a long period of time, another FIR was filed. Thereafter, the CBI submitted a consolidated FIR which was taken note of, taken cognisance of, by the Court. In course of time, certain legal infirmities came up. The higher Judiciary directed the Executive to rectify those, but nothing has happened. In between, just two weeks before, we were confronted with a situation that the *status quo ante*, prevailing in the first FIR almost ten years ago, has been restored. And whatever investigation has been done by the CBI in this case -- and the CBI was working under the direct control of the Chief of the Union Executive, that is, the Prime Minister -- they have simply withdrawn the cases against some of the very highly placed accused. To our assessment of the situation, this is not only a misuse of the CBI as an investigating agency, but is also subverting the rule of law by influencing the judicial process which is on. We have no intention to influence the decision of the court in either way. It is for the court to decide on the basis of the merits of the witnesses on the evidences which are being produced, but the investigating agency which is working directly under the Government of India, of which the Prime Minister is responsible, if they do certain things which are not properly appreciated by the wider public opinion of this country, then, definitely, Parliament should have the right to discuss it and to arrive at its own conclusion. Keeping that objective in view, we have tabled this Motion. And, most respectfully, Sir, I

would like to submit to you to kindly allow this Motion to be debated. Let the House express its opinion. Let the legal aspects and political aspects be debated and discussed without having any interference with the due process of law, without having any reflection in the course of trial which will take place independently in the respective courts. Parliament has nothing to do with it, but, surely, Parliament has every right to express its opinion when the premier investigating agency of the country is being misued or is being abused to subvert the due process of law. With these observations, Sir, I submit it for your consideration.

SHRI NILOTPAL BASU (West Bengal): Sir, I will just briefly add to what Mr. Mukherjee has said as all of us, across the Opposition, have jointly signed the notice which we have served. Now, Sir, in the very beginning of the assumption of office by this Government, we had expressed our apprehension that we are going towards a situation where-- so far as the Babri Masjid demolition case is concerned-- the accused and the prosecution are one and the same. And, there was a clear-cut conflict of interest. Therefore, at any given point in time, there may arise a situation where we will find that the prosecution has been sabotaged and the entire judicial process has been subverted and undermined, and it is precisely that is what has happened. The original investigation which was undertaken by the CID which was found inadequate, which was expanded. And, the CBI submitted the expanded chargesheet. Now, we see a particular provision of law being dropped from that chargesheet and the evidence that was collected by the CBI being dropped by the Government in the latest chargesheet which is being submitted. Therefore, Sir, in the fitness of things, it is our case that the conduct of the prosecution is very much an issue in which the Executive is involved and Parliament is well within its right to discuss that issue and give its opinion.

Sir, we will just give a parallel example. Last year, after the Godhra incident, when, in Gujarat, communal clashes and communal attacks took place against minorities, the National Human Rights Commission had given a suggestion that some of the major cases including the Godhra incident itself and four other major cases including the Best Bakery case should be tried by the CBI. I distinctly remember that the hon. Law Minister -- he is also here today - mentioned, "that will sabotage the prosecution because the investigation and prosecution by the agencies there are at a very advanced stage, in all these cases. Therefore, if we now go to CBI, that will sabotage and undermine the prosecution." Now, we have

seen, a few days back, what has happened to the effectiveness of the prosecution in the Best Bakery case. So, Sir, time and again, we have seen that the Executive in a very calculated manner, is undermining the prosecution and no successful implementation of the prosecution's case is taking place. Therefore, Sir, it is agitating the minds of the entire people of this country, and as representatives of the people, we are duty-bound to raise this issue. Sir, we have full faith in you that you will facilitate the process whereby the House can discuss this and give its opinion.

प्रो. रामगोपाल यादव (उत्तर प्रदेश) : श्रीमन्, स्वस्थ परंपराओं का तकाज़ा तो यह था कि जब केंद्र सरकार की ही एक एजेंसी केंद्र सरकार में बैठे हुए मंत्रियों को चार्जशीट करे तो मंत्रियों को त्याग-पत्र दे देना चाहिए था लेकिन दुर्भाग्य यह है कि उन संस्थाओं का अवमूल्यन एक तरीके से किया जा रहा है और निजी स्वार्थों के चलते केंद्र सरकार में जो मंत्री हैं, जो चार्जशीट हुए हैं, उनको बचाने की दृष्टि से कि उनको त्याग-पत्र न देना पड़े या और कोई हैरेसमेंट न हो, सी.बी.आई. का दुरुपयोग करके जो पहले कुछ सी.बी.आई. ने कहा, उससे हटकर कुछ कहा जा रहा है। इसमें कहीं भी ज्यूडीशियरी या यह मैटर सब-ज्यूडिस है, इस तरह की बात नहीं आती है। केवल इतने हिस्से की बात हम लोग कर रहे हैं और इसलिए चर्चा की मांग कर रहे हैं कि यह निहायत गलत हो रहा है। अगर इस तरह से संसदीय लोकतंत्र में एजेंसीज़ को जो एक न्यायिक प्रक्रिया को एसिस्ट करती हैं, उनको डिमॉलिश करने की कोशिश की जाएगी तो यह लोकतंत्र के लिए घातक सिद्ध होगा। इसलिए जो प्रस्ताव है, उस पर चर्चा की अनुमति दी जाए जिससे यह सदन अपनी ओपीनियन एक्सप्रेस कर सके।

श्री सभापति : श्री कपिल सिब्बल, आप बोलिए।

श्री लालू प्रसाद (बिहार) : हम भी बोलेंगे।

श्री सभापति : अब बोल लिया है आपमें से एक ने। रामगोपाल जी बोल चुके हैं, दोनों का हो गया।

श्री प्रेम गुप्ता (बिहार) : सर, सुनना चाहिए।

श्री सभापति : ये मोशन की ऐडमिसिबिलिटी पर ही बोल रहे हैं, उनको बोलने दीजिए।

SHRI KAPIL SIBAL (Bihar): Mr. Chairman, Sir, this morning when the matter came up, you observed, "*prima facie* the matter was *sub judice*, and it should not be called out for discussion", and I was reminded of the time -- because this matter has been *sub judice* right from 1993. I have been reminded of all those occasions when Members of Parliament, Ministers, have been making statements about the innocence of the

accused in this particular matter. In fact, as far back as 1992 and 1995, and, later on, the Prime Minister had gone on record to say that Advaniji went to Babri Masjid to protect it. The hon. Law Minister who is sitting here had also, on occasions, publicly stated that this is a political case. This has nothing to do with any case of corruption, and, therefore, this must be looked at from another standpoint -- and, these are responsible people in this Government. What is the kind of message that goes to the CBI? If the Prime Minister of a country makes a statement on a matter, which is *sub judice*, what is the message that goes to the CBI? If the Law Minister makes a statement, what is the message that goes to the CBI? I remember even in the Hawala case, the statements that were made in this House and outside this House about the fact that this was all manipulated, as if the message that was being sent to the investigating agencies were : "Don't lodge an FIR, don't prosecute." So, what is the message that we are giving to the CBI, and what is even more is that this is a peculiar case where the accused is holding a position of high public office in this country. ...*(Interruptions)*...The Congress Party had been accused of so many wrongs in this country, but never in the history of the Congress Party has any Minister against whom even strictures were passed by the court, was allowed to continue in office. And, here, an additional ...*(Interruptions)*...

SHRI BALBIR K. PUNJ (Uttar Pradesh) : And they were allowed to ...*(Interruptions)*...

श्री राजू परमार (गुजरात): आप बैठिए। चेयरमैन सर ने एलाऊ किया है उनको। आपकी भी टर्न आएगी। ...**(व्यवधान)**...

SHRI JANARDHANA POOJARY (Karnataka) : This is an extraordinary ...*(Interruptions)*...Even ex-MPs, in this case, made a statement ...*(Interruptions)*... Advaniji was there. ...*(Interruptions)*...It is a very serious matter. ...*(Interruptions)*...

SHRI KAPIL SIBAL: Here Sir ...*(Interruptions)*...

श्री राजू परमार : सर, ये आपकी परमीशन से बोल रहे हैं। ...**(व्यवधान)**...

श्री जीवन राय (पश्चिमी बंगाल) : बोलिए, हमने नहीं रोका है। ...**(व्यवधान)**...

श्री सभापति : बैठिए... बैठिए। आप इस मोशन की ऐडमिसिबिलिटी पर ही आ जाइए।

श्री कपिल सिब्बल : ये ऐडमिसिबिलिटी की बात इसलिए कर रहे हैं क्योंकि बात सब-ज्यूडिस की उठी थी। उसके बारे में मैं बात कर रहा हूं। I am just answering that query as to how matters, which are *sub judice*, public authorities, holding high public office, ...

MR. CHAIRMAN: Please be short and sweet.

SHRI KAPIL SIBAL : Sir, give me a minute. The sweetness will come later...*(Interruptions)*...

श्री प्रेम गुप्ता : सर, आजकल डाइबिटीज का जमाना है। ...**(व्यवधान)**...

MR. CHAIRMAN : Let him speak.

MISS. MABEL REBELLO (Madhya Pradesh) : What Shri Kapil Sibal is saying is sweet to us, Sir.

MR. CHAIRMAN : It may be sweet to you. But I want it to be sweet to the whole House.

SHRI KAPIL SIBAL : The point that is being made, Sir, that we believe, and this seems to be the perception of the people of this country also, that investigating agencies who have to uphold the rule of law are being sabotaged by a Government in which those who are Ministers are themselves accused. So, all that is being done by the CBI, that is our perception, is at the instance of this Government. Now, it is necessary to debate this to find out what is true and what is not true. If you say that the matter is *sub judice*, then, this will never be allowed to be debated, whereas it is the need of the hour that the CBI and the manner in which it has conducted itself, must be exposed to the people of this country. Sir, we have all come to this House, we are Members of the Parliament, and we have taken an oath of allegiance to the Constitution on the laws that we will uphold the rule of law. And if those in the Government themselves sabotage that very rule of law, then, what possible confidence can we have in that Government and those Ministers?

SHRI B.P. SINGHAL (Uttar Pradesh) :That is a presumption. It is yet to be debated...*(Interruptions)*...

SHRI KAPIL SIBAL : Sir, just one last thing. I just quote one sentence from a judgement of the Additional Sessions Judge with this case, rendered on September 9, 1997 : "Shri Lal Krishna Advani and others hatched criminal conspiracies to demolish the disputed premises on different times and different places." This is a judgement of a court. We will not allow any Law Minister, any Government to sabotage this.

श्री सभापति : श्री संजय निरुपम ।

श्री लालू प्रसाद : सर हमारा ...**(व्यवधान)**...

श्री संजय निरुपम (महाराष्ट्र) : सभापति जी, मुझे इस पूरे विषय के वैधानिक पक्ष पर ...**(व्यवधान)**...

श्री सभापति : मैं सब मैम्बर्स को तो एलाउ नहीं कर सकता। एक-एक पार्टी से एक-एक बोलिए। ...**(व्यवधान)**... यह क्वेश्चन एडमिसिबिलिटी का है। इसकी डिटेल्स में नहीं जा रहे हैं, इसकी मेरिट्स पर नहीं जा रहे हैं। ...**(व्यवधान)**...

श्री लालू प्रसाद : आरजेडी क्या दूसरी पार्टी में समाहित हो गया है?

श्री सभापति : ये कौन बैठे हैं, आपके पास? ...**(व्यवधान)**...

श्री लालू प्रसाद : हमको भी बोलने दीजिए।

श्री सभापति : अच्छा ठीक है, पहले ये बोल लें। आप हैं तो। काहे नहीं। समाहित नहीं हो गया।

श्री संजय निरुपम : सभापति जी, मुझे इस पूरे विषय के वैधानिक पक्ष पर बहुत ज्यादा कुछ नहीं बोलना है। मुझे सिर्फ सबसे पहला यह सवाल पूछना है कि जब संसदीय जनतंत्र का स्वर्ण जयन्ती उत्सव मनाया जा रहा था, जब श्री पी.ए. संगमा साहब लोक सभा के अध्यक्ष थे तो इस पार्लियामेंट के दोनों सदनों के सभी पार्टियों के प्रमुख नेताओं ने एक संकल्प जाहिर किया था, अपने हस्ताक्षर किए, शपथ ली थी कि चाहे कोई भी बड़ा मुद्दा होगा, क्वेश्चन आवर सस्पेंड नहीं किया जाएगा।...**(व्यवधान)**... जब आप बोल रहे थे तब मैंने कुछ नहीं बोला। ...**(व्यवधान)**...

श्री सभापति : बोलने दीजिए, बोलने दीजिए। चुप रहिए। ...**(व्यवधान)**... दिक्कत क्या हो रही है?...**(व्यवधान)**...

श्री नीलोत्पल बसु : यह तो सबसे बड़ा जोक हो गया। ये आप लोगों को अनुशासन के बारे में याद दिलाएंगे। ...**(व्यवधान)**...

श्री सभापति : बोलने दीजिए...**(व्यवधान)**... आप क्यों खड़े हो रहे हैं? किस बात के लिए खड़े हो रहे हैं? बोलने दीजिए।

श्री संजय निरुपम : मुझे बड़ी खुशी होती ...**(व्यवधान)**...

श्री सभापति : बोलने दीजिए ।

श्री संजय निरुपम : मुझे बड़ी खुशी होती ...**(व्यवधान)**... बाबरी मस्जिद गिरने पर [redacted] दस साल से आंसू बहा रहे हैं आप लोग। मुझे बड़ी खुशी होती क्वेश्चन आवर सस्पेंड करने के लिए, ...**(व्यवधान)**... जो वैष्णो देवी यात्रियों की हत्या हुई है, उस पर अगर क्वेश्चन आवर सस्पेन्ड करने का प्रपोजल लाते, मैं आपका समर्थन करता। ...**(व्यवधान)**... आपको सिर्फ मस्जिद की चिंता है, आपको हिन्दुओं की चिंता नहीं है। आपको तीर्थ यात्रियों की चिंता नहीं है। आपको वैष्णो देवी की चिंता नहीं है। सभापति महोदय, मुझे सिर्फ इतना कहना है कि क्वेश्चन आवर सस्पेंड ...**(व्यवधान)**...

डा. अबरार अहमद (राजस्थान) : कानून की चिंता है ...**(व्यवधान)**...

श्री संजय निरुपम : सभापति महोदय, मुझे सिर्फ इतना निवेदन करना है कि प्रश्न काल स्थगित न हो। इसके लिए जो संकल्प जाहिर किया था, उस संकल्प को सबसे पहले इस तरफ के सारे बड़े-बड़े नेता वापस लें। ...**(व्यवधान)**...

श्री सभापति : ठीक है, हो गया। ...**(व्यवधान)**... The matter is over ...*(interruptions)*...

श्री संजय निरुपम : वापस लेने का कोई अर्थ नहीं है...**(व्यवधान)**... सब ज्यूडिस मैटर है। अब एक कानून है, एक व्यवस्था है कि इस संसद के काम-काज में सब ज्यूडिस मैटर नहीं उठना चाहिए। अब नियमित तौर पर अपने-अपने तर्क के आधार पर सब-ज्यूडिस मैटर उठाए जाते हैं। हमारे पास जो रूल्स, रेग्युलेशन्स हैं, उस पर भी एक बार अमेंडमेंट करवा दीजिए, एक बार संशोधन करवा दीजिए। रही बात सी.बी.आई. की तो सी.बी.आई. पर बार-बार आरोप लग रहा है कि एग्जीक्यूटिव के आदेश में, उसके दबाव में आकर, प्रधानमंत्री के दबाव में आकर, गृह मंत्री के दबाव में आकर सी.बी.आई. ने निर्णय लिया। सी.बी.आई. एक स्वायत्त संस्था है, सी.बी.आई. ने स्वयत्तापूर्वक यह निर्णय लिया होगा। दूसरी बात यह है कि आज इस पूरे विषय पर चर्चा करने के बाद आप सरकार से क्या अपेक्षा करते हैं कि सरकार सी.बी.आई. को आदेश दे। तब सी.बी.आई. की स्वायत्तता की बात कहां गई? ...**(व्यवधान)**... सी.बी.आई. की स्वायत्तता की बात कहां गई? मुझे इस सवाल का जवाब चाहिए ...**(व्यवधान)**...

श्री राजू परमार : ये अपेक्षा करते हैं हम लोगों से...**(व्यवधान)**...

श्री सभापति : मैं माननीय सदस्यगणों से एक निवेदन करना चाहूंगा कि अगर कोई माननीय सदस्य बोल रहा हो तो उसे बोलने दें, इंटरप्ट नहीं करें। गलत बोल रहा है या नहीं बोल रहा है, इसे कौन प्रमाणित करेगा।

श्री संजय निरुपम : सभापति जी, उस तरफ से जब प्रणब बाबू बोल रहे थे तो हम सब चुपचाप, शांति से सुन रहे थे। पूरे धीरज के साथ, धैर्य के साथ सुन रहे थे लेकिन जब हम

बोलते हैं तो आपका धीरज का बांध क्यों टूट जाता है? आप में हमारी बात सुनने की क्षमता क्यों नहीं है? इसका मतलब है कि आप हमारा सच स्वीकार नहीं कर पाते हैं। अब रही बात कि अभियुक्त कौन है, 6 दिसम्बर, 1992 की दुर्घटना का अभियुक्त कौन है और किसको सजा देनी है, मैं एक बात स्पष्ट कर दूं कि आडवाणी जी हों या अशोक सिंहल जी, या कोई भी हो, उस दिन जो दुर्घटना घटी, जो घटना घटी, उस दिन जो ढांचे को तोड़ा गया उसमें एक लाख से ज्यादा हिंदू थे और यह इस देश के पिचासी करोड़ हिंदुओं की भावनाओं की अभिव्यक्ति थी। अगर आपको सजा देनी है तो सिर्फ आडवाणी जी नहीं बल्कि इसके लिए एक-एक हिंदू सजा भोगने के लिए तैयार है। आप अपनी भावना स्पष्ट कीजिए ...**(व्यवधान)**... भूल जाइए सारी बात ...**(व्यवधान)**... दस साल से आपका यह तमाशा चल रहा है, दस साल से बाबरी मस्जिद के नाम पर जो खेल चल रहा है ...**(व्यवधान)**... उस खेल को बंद किया जाना चाहिए ...**(व्यवधान)**... बाबरी मस्जिद के नाम पर मुसलमानों का वोट खींचने का प्रयत्न हो रहा है ...**(व्यवधान)**... यह नहीं होना चाहिए ...**(व्यवधान)**...

श्री नीलोत्पल बसु : सर, यह ...**(व्यवधान)**... हो रहा है...**(व्यवधान)**... ये शब्द सदन में इस्तेमाल नहीं कर सकते ...**(व्यवधान)**...

श्री सभापति : क्या फर्क पड़ता है...**(व्यवधान)**...

श्री नीलोत्पल बसु : सर,...**(व्यवधान)**...

श्री सभापति : बैठिए, बैठिए...**(व्यवधान)**...

श्री लालू प्रसाद : सभापति जी, ...**(व्यवधान)**... बैठिए, बैठिए...**(व्यवधान)**... आप पर, आपके नेतृत्व पर, आपकी इंटेगरिटी पर हम लोगों को बहुत भरोसा है। सभापति जी, आप इनके कहने पर, तर्क-वितर्क पर मत जाइए। अभी हम लोग आपको पेटीशन दे रहे हैं कि इसे डिसकशन के लिए लाया जाए। सभापति जी, इस देश में, सिर्फ इस देश में नहीं पूरी दुनिया भर में - जब दुनिया आगे बढ़ रही है तब भारत में एक आस्था की जगह, बाबरी मस्जिद, जो माइनोरिटी की आस्था की जगह है, वह ढह गई...**(व्यवधान)**...

श्री संजय निरुपम : आस्था की जगह...**(व्यवधान)**... वैष्णो देवी के यात्री मारे गए ...**(व्यवधान)**... दस साल पहले जो ढांचा बहा उसके लिए आंसू बहा रहे हैं...**(व्यवधान)**...

श्री सभापति : इनको बोलने दीजिए।

श्री प्रेम गुप्ता : अभी बोल रहे थे कि डिस्टर्ब नहीं करते हैं...**(व्यवधान)**...

श्री सभापति : लालू जी, मेरा आपसे निवेदन है कि यह जो प्रश्न है, आपने जो नोटिस दिया है, आप उसी की एडमिनिसिबिलिटी पर बोलें...**(व्यवधान)**... मेरी सुनिए ...**(व्यवधान)**... आप जो भी इससे बाहर बोल रहे हैं वह अच्छा नहीं कर रहे हैं...**(व्यवधान)**... अच्छा नहीं कर रहे हैं...**(व्यवधान)**...

श्री लालू प्रसाद : सभापति जी, मेरे तेवर, मेरी बोली को, आपने जिस तरफ इशारा किया, माननीय सिब्बल साहब की तरफ कि स्वीटनेस आनी चाहिए, बोलने में मीठापन हो, पेटीशन के दौरान ही मीठेपन की भाषा में हम आपसे आग्रह कर रहे हैं। सभापति जी, बाबरी मस्जिद,

सिर्फ पोलिटिकली इश्यू ही नहीं, देश में हजारों लोगों का कत्ल हुआ, आरसन, लूट, दंगा-फसाद हुई। दुनिया भर में हमारी हंसी हुई कि भारत के ये लोग मस्जिद ढहाते हैं। यह भारत कैसा मुल्क है? जिस व्यक्ति को एक्यूज्ड माना गया है...**(व्यवधान)**...

श्रीमती गुरचरण कौर (पंजाब) : सभापति जी...**(व्यवधान)**...

श्री प्रेम गुप्ता : चुप रहिए...**(व्यवधान)**... इसमें मत जाइए...**(व्यवधान)**...

श्री लालू प्रसाद : महोदय, देश ...**(व्यवधान)**... महोदय, मेरा आपसे आग्रह है ...**(व्यवधान)**... जरा रुकिए ...**(व्यवधान)**... महोदय, मैं आपसे आग्रह करता हूं, आप तो जब मौका देंगे, जब एडमिट करेंगे तभी हम लोग अपनी बातों को रखेंगे, लेकिन मुझे बहुत संक्षेप में आपसे आग्रह करना है-आप भी गवर्नमेंट में रहे हैं और मैं भी रहा हूं, जब सरकार पकड़ में आती है तो बड़ी आसानी से हम कह देते हैं कि यह मामला सब जुडिस है, न्यायालय में है।

श्री सभापति : आप भी कहते रहे हैं।

श्री लालू प्रसाद : हम बोल तो रहे हैं। हम लोग भी बोलते हैं। महोदय, न्यायालय ने अगर कोई हुक्म दिया हो, न्यायालय का कोई आदेश हो और उस पर हम कोई चर्चा करते हों तो न्यायालय के विषय में हम चर्चा कर सकते हैं, उनके फैसले के ऊपर हाउस सक्षम है। लेकिन महोदय, हम उस बात में जाना नहीं चाहते, बहस के दौरान, चर्चा के दौरान कल्याण सिंह जी ने क्या कहा, कारसेवकों ने क्या कहा और क्या आज धमकियां पड़ रही हैं। हम लोग बराबर एलीगेशन लगाते रहे हैं कि सीबीआई को निश्चित रूप से इंडीपेंडेंट होना चाहिए, उसको किसी के प्रभाव में नहीं होना चाहिए। जिस तरह से राज्यों के पास, राज्य सरकारों के पास स्पेशल ब्रांच है, उसी तरह से विगत दिनों में यहां भी सीबीआई की स्पेशल ब्रांच का दुरुपयोग किया गया। महोदय, मैं यह देखता हूं कि इस देश में दो तरह का कानून है, सूक्ष्मता से देखेंगे तो आप भी पायेंगे। महोदय, मैं अपनी बात को कहना चाहता हूं कि जब मुझे सीबीआई ने चॉर्जशीट किया तो हमने कहा कि हम कल सरंडर करने के लिए न्यायालय में जा रहे हैं। लेकिन क्या हुआ, रातों-रात सेना का रिक्वीज़िशन किया गया, सेना को बुलाया गया। उन दिनों मैं लोक सभा में नहीं था, माननीय सदस्य रहे होंगे, उस समय चर्चा हुई। इस देश में यदि किसी भी इंसान को, किसी भी आदमी को पकड़ने के लिए, पुलिस के अधिकार को छीन कर सेना को बुलाया जाता है तो यह एक बहुत घृणित परंपरा कायम हो रही है। महोदय, जब हमको गिरफ्तार करने के लिए सेना का रिक्वीज़ीशन हुआ तो जो डिप्टी प्राइम मिनिस्टर हैं और उनके अन्य जो साथी हैं, ये जब चॉर्जशीट हुए तो सीबीआई ने भारी भूल की। सीबीआई पता नहीं किस दबाव से या कैसे वह डर गई। तब लाल कृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी को तुरंत गिरफ्तार करके उनको जेल के सींखचों के पीछे ठूंसने के बजाय इस मामले को धीरे-धीरे आगे ले जाया गया। महोदय, अब यह बात साफ हो गई है और देश को यह स्पष्ट हो गया है ...**(व्यवधान)**... दो तरह का कानून नहीं चलेगा। इस देश में दबे-कुचले लोगों के लिए अलग कानून है और इनके लिए अलग कानून है। कानून की नज़र में तो सब लोग बराबर होते हैं। जहां इन्हें जेल में जाना चाहिए था या बंद किया जाना चाहिए था, वहां यह नहीं हुआ। यह बहुत बड़ा ब्लंडर हुआ है और दुनिया भर में इसको बहुत बड़ा स्कैंडल मानते हैं; जिनके ऊपर 120 भी था। सीबीआई को जलील करके और सीबीआई के पदाधिकारियों को जलील करके, सीधा प्रधानमंत्री जी ने उसको वापस कराया है। प्रधानमंत्री जी इसमें सीधे दोषी हैं। भले ही आडवाणी जी...**(व्यवधान)**... तर्क-कुतर्क दे कर बच

जाएं, लेकिन सीधे प्रधानमंत्री जी...**(व्यवधान)**... इसलिए महोदय, आप इसको मंजूर करिए और ...**(व्यवधान)**...

श्री सभापति : बस, अब ठीक है।

श्री लालू प्रसाद : मंजूर करके इस बात को चर्चा में लाइये। महोदय, हमने अपनी बात को कहा है और यह मैं आपसे आग्रह करना चाहता हूं।

श्री एस0 एस0 अहलुवालिया (झारखंड) : सभापति महोदय, हमारे माननीय सदस्य प्रणब मुखर्जी ने अपने आवेदन में आप से अनुरोध किया है कि वह लोक हित के विषयों का प्रस्ताव सदन मे रखना चाहते हैं और उस के लिए उन्होंने बहुत सारे पुराने प्रमाणो का हवाला दिया है।

महोदय, संविधान के अनुच्छेद 118 के भाग (1) के तहत संसद के प्रत्येक सदन ने अपने प्रक्रिया संबंधी नियम बनाए है और इस सदन की कार्यवाही आप की अनुमति से उन्हीं प्रक्रिया नियम के तहत चलती है। यह जो विषय उठाना चाहते है, उस की ग्राह्यता की शर्तें है और हमारे विद्वान साथियों ने उन शर्तों के तहत अपनी बातें रखी है। महोदय, मैं राज्य सभा प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियम 169 की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं जिस के भाग (2) में उल्लिखित किया गया है कि, "उस मे तर्क, अनुमान, व्यंग्यात्मक पद, अभ्यारोप या मानहानि-कारक कथन नहीं होंगे"। दूसरे, भाग (8) में दिया गया है कि, "वह किसी ऐसे विषय से सम्बंधित नहीं होगा जो भारत के किसी भाग में क्षेत्राधिकार रखने वाले किसी न्यायालय के न्याय-निर्णयाधीन हो"। इसी नियम के भाग 12 में कहा गया है कि, "उस मे राय प्रकट करने या किसी अमूर्त विधि संबंधी प्रश्न या किसी काल्पनिक प्रस्थापना के समाधान के लिए नहीं पूछा जाएगा"।

महोदय, अगर इन का मोशन और अभ्यावेदन ये सारी शर्तें पूरी करता हो तभी कुछ बात की जा सकती है अन्यथा इसको रिजेक्ट किया जाना चाहिए।

THE MINISTER OF LAW AND JUSTICE AND MINISTER OF COMMERCE AND INDUSTRY (SHRI ARUN JAITLEY): Sir, I rise to strongly oppose the admissibility of this motion which has been moved. Sir, in substance, the motion, that has been moved, states: "the CBI has been subverted in a particular case and that the CBI has either dropped the particular charge against the accused persons or it has failed to charge them against that particular section". Sir, there is absolutely no precedent. ...*(Interruptions)*... Sir, there is absolutely no precedent.

श्री कपिल सिब्बल : यह मोशन में नहीं है।

श्री सभापति : देखिए, इस मे इंटरप्शन न हो तो अच्छा है।

SHRI ARUN JAITLEY: Sir, amongst all the precedents which have been cited, there is absolutely no precedent that when a case involving individual culpability, that an individual is guilty or innocent, a trial is on, arguments on the framing of charges are on, and the question is: under what section should an accused be charged? It is wholly within the

domain of the judicial institution; and the Magistrate hearing the case. The Magistrate's options are very clear. The CBI has finished its arguments. The counsel for the accused has to start his arguments. The Magistrate can say that I accept the charges which the CBI has stated. He can say that I delete some of them; I add some of the charges, or, he can say that I discharge the accused. As to what section under which an accused is to be charged will be wholly decided by the Magistrate and that will be decided not on the basis of a political debate on the functioning of the CBI, but on the basis of the evidence which has been annexed to the chargesheet by the CBI. Now, this matter as to under what section, an accused is to be charged, first, is the subject matter of a charge-sheet which is of the satisfaction of the investigative agency, which is the CBI.

SHRI PRANAB MUKHERJEE: Would you please yield for a second, Mr. Jaitley? Sir, so far as the admissibility of a Motion is concerned, it is dealt with by Rule 169 of the Rules of Procedure and Conduct of Business. The text of the Motion is with the hon. Minister. It is nowhere mentioned in the text of the motion that a particular charge or a particular section or an individual ...*(Interruptions)*...Please, just one second. If you can find out, only under sub-clause (viii) of Rule 169, you can elaborate that this may come within the admissibility, being a matter of adjudication. Except that, all other points which you have referred to have no relevance with the text of the Motion. This is my submission.

SHRI ARUN JAITLEY: Sir, I will precisely deal with the points raised by Shri Pranab Mukherjee. The Motion says that there is an abuse of position by the CBI and subversion of a particular case, which is on. Now, any discussion on this Motion will necessarily involve what is the substance of the charge the CBI has made, whether that substance constitutes the particular sections of the IPC to be invoked or some other sections are to be invoked. This is precisely the issue which is being argued before the magistrate...*(Interruptions)*...This is precisely the issue. Shri Pranab Mukherjee does not want to argue the charge-sheet in abstract. He does not want to review the overall functioning of the CBI, on which I may have no objection. But when it relates to a particular case, obviously we are going to discuss, in substance, the substance of that case, the evidence against the accused and whether that evidence constitutes an offence under that particular section or not. This is ...*(Interruptions)*... Well, I am not yielding, Sir. I am not yielding. I yielded to the leader of the Party, Mr. Pranab Mukherjee. Sir, any discussion on the substance of a particular

case, the conduct of the investigating agency in the course of a case, is today open before the magistrate. As I myself said, the magistrate can say "You have charged them under five sections. Well, I have decided to discharge them. I have decided to add two more charges". It is open for the magistrate to do that. Now, is that a debate which will go on at a political level in this House or is that a debate which will go on before the magistrate himself? Sir, I am very grateful to Shri Mukherjee when he mentions Rule 169, sub-rule (viii). The Rule says "It shall not relate to any matter which is under adjudication by a court of law, having jurisdiction in any part of India". Therefore, there is a court of a competent jurisdiction. ...*(Interruptions)*...

SHRI KAPIL SIBAL: Is Section 120 (B) under adjudication in this case? Please answer that...*(Interruptions)*...No, that is the only question which is to be answered. That is the only question...*(Interruptions)*...

SHRI ARUN JAITLEY: I am extremely grateful to Mr. Sibal to have precisely raised the points and having contradicted Mr. Mukherjee. Mr. Mukherjee was still trying to maintain at least some facade and say we are not discussing about sections. But, the game is now very clear. Is Section 120 (B) an issue or not, that is precisely the issue....*(Interruptions)*...And, yes ...*(Interruptions)*...Now, in substance, it is clear that the ...*(Interruptions)*... Mr. Sibal, please allow me to answer it because the question which you have raised ...*(Interruptions)*...

SHRI KAPIL SIBAL :You have answered it yourself...*(Interruptions)*...

SHRI ARUN JAITLEY: Please allow me to answer your question. In a few moments, you will realise how frivolous your objection is. The CBI has chargesheeted the accused under five different sections. These are precisely the sections under which the 1993 charge sheet was filed. It is today open to the magistrate - even a *muffasil* lawyer can give this advice - to say, "I add another section, including 120 (B), to this particular charge sheet ". It is open to the magistrate to say that the substance of these allegations does not constitute a charge or it constitutes a charge under Section 120 (B). It is open to the magistrate to say that...*(Interruptions)*...

SHRI KAPIL SIBAL: You want the magistrate to do it, not the CBI. ...*(Interruptions)*...

SHRI ARUN JAITLEY: Yes, because...*(Interruptions)*...Absolutely ...*(Interruptions)*...

SHRI KAPIL SIBAL: Now, I realise who the *muffasil* lawyer is ...*(Interruptions)*...

SHRI ARUN JAITLEY: Now, my learned friend says, you want the magistrate to do it". If the CBI is of the opinion that Section 120 (B) is not made out, the CBI's satisfaction in the filing of the charge-sheet will prevail. If the Magistrate is of the opinion that 120 B is made out or not made out, it is the discretion of the Magistrate which will prevail. The issue is squarely in that forum, but, in any case, with utmost respect to this hon. House, the Rajya Sabha can have no role in deciding as to in which case and under what section of the Indian Penal Code a person should be charged. Sir, may I just say this? It was in 1993 that the charge sheet was filed under some particular sections. It is that charge sheet which is continuing till today. The CBI has filed certain supplementary documents to it. The CBI has not dropped any charge; the CBI has not added any charge...*(Interruptions)*...It has not dropped any charge. And, if I may be permitted to repeat, if Mr. Sibal's objection is on, why 120 B is not there, whether 120 B is to be made out or not, what is required is, one has to read the entire evidence. ...*(Interruptions)*... We will read it. Sir, if the issue is whether section 120 B is to be made out or not, then does it not necessarily mean that the entire evidence has to be analysed? Is this hon. House, the forum where evidence has to be read? This House is not the forum. This House can certainly discuss larger issues. But, if there is, Sir, a textbook illustration of where the *sub judice* rule will apply, this is the case for it, and my respectful submission is that this motion cannot be admitted.

SHRI HANSRAJ BHARDWAJ (Madhya Pradesh) : Sir, ...*(Interruptions)*...

श्री सभापति : मैंने बहुत सुन लिया है, अब मैं अपनी रूलिंग दूंगा। The notice of motion received by me today has been given under Rule 168 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Rajya Sabha. I have examined the notice in the light of Rule 169, which gives the conditions of admissibility for such a motion. Rule 169 (viii) states, "it shall not relate to any matter which is under adjudication by a court of law having jurisdiction in any part of India." The Babri Masjid demolition case which has been mentioned in your notice is under adjudication in a court of law. Therefore, I cannot permit admission of the Motion under Rule 168.

सदन की कार्रवाई 2:00 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

(The House then adjourned for lunch at fifty-eight minutes past twelve of the clock.)

The House re-assembled after lunch at three minutes past two of the clock, MR. CHAIRMAN in the Chair.

श्री लालू प्रसाद : मान्यवर, बहुत विनम्रतापूर्वक आपसे आग्रह है। आपने जो रूलिंग दी है यह कहकर कि यह मामला सब-जुडिस है, बाबरी मस्जिद ढहाने वाले सवाल पर हम लोग किसी न्यायालय पर कोई टीका-टिप्पणी नहीं कर रहे थे। सरकार और सी.बी.आई. का जो कृत्य है, इस पर ही हम लोग चर्चा कर रहे थे और आपसे आग्रह कर रहे थे कि इसको एलाऊ किया जाए, इस बात को सुना जाए। यह बात बहुत गंभीर है और लोकसभा में भी यह बात लगातार चल रही है। हम लोग आपकी एथॉरिटी को चैलेंज नहीं करते हैं लेकिन हम लोग आग्रह करते हैं कि इस बात को यहीं न छोड़ दिया जाए। आपसे इस बारे में पुनर्विचार करने के लिए हम लोग आग्रह करते हैं। आप इस पर पुनर्विचार करें और सी.बी.आई. और सरकार के बारे में पूरे देश के लोगों के मन में जो बात आई है, इसका निराकरण करें। इस बारे में हमें अपनी बात कहने के लिए एलाऊ करिए और इस पर पुनर्विचार करिए, ऐसा हमारा आपसे आग्रह है।

श्री संजय निरुपम (महाराष्ट्र) : फिर से वही चर्चा शुरू हो जाएगी।

श्री प्रेम गुप्ता (बिहार) : हो जाए, इससे बड़ा देश में और मुद्दा क्या है?

SHRI KAPIL SIBAL: Mr. Chairman, we assure you that we have no intention of interfering with the judicial process, but we do want to persuade you, and we request you, to consider that the issue that has been raised because of what has been happening with the CBI, is a matter of national importance, because it goes to the root of the very functioning of the rule of law and democracy in this country, and unless we discuss it in this House, there is no other forum where the hon. Members can discuss it. So, we request you to, please, reconsider the matter, and we assure you that we will not impact or comment on any part of the judicial process that is going on, on the merits of the case, and that we will only focus on the functioning of the CBI and the manner in which the CBI has functioned in several cases, not just in this particular case, so that, as Laluji said, there may not be one kind of law for one set of people, and another kind of law for another set of people. So, please, therefore allow us to do that. Please reconsider the matter so that a constructive discussion can take place.

SHRI B.P. SINGHAL: Sir, I want to make just one point. ...(Interruptions)... Only one point in one sentence. ...*(Interruptions)*...

श्री प्रेम गुप्ता : आपको तो एलाउ नहीं किया है।

SHRI B.P. SINGHAL: Sir, they are trying to re-emphasise that when the CBI has not put..*(Interruptions)*...

श्री सभापति : आप छोड़िए सी0बी0आई0 को। I do not allow it. ...*(Interruptions)*... I won't allow it. आप बैठ जाइए।

माननीय सदस्य, आपने मेरी रूलिंग के संबंध में जिस तरह के विचार व्यक्त किए, मैं अपने आपको स्पष्ट कर दूं, मैं कभी नहीं चाहता था कि इस मामले पर चर्चा नहीं हो। लेकिन आप सब जानते हैं मेरा कोई अधिकार नहीं है, जो रूल्स बने हुए हैं, जो कंवेंशंस हैं, जो कांस्टीटयूशनल पोजिशन है उससे बंधा हुआ हूं और उस पोजिशन में जब चाहता हूं तो मुझे इस बात की व्यवस्था करनी पड़ती है कि ऐसे मैटर जो सब्जुडिस् हों उन पर किसी प्रकार से चर्चा नहीं हो और मैं ऐसा समझता हूं कि मैं जो कह रहा हूं उससे पूरे सदन के माननीय सदस्य सहमत होंगे। लेकिन मेरी कभी यह इच्छा नहीं रही है कि जो इम्पोर्टेंट मैटर उससे जुडे हुए हैं जो सब्जुडिस् नहीं है उन पर चर्चा करने के लिए मैं किसी प्रकार की पाबंदी लगाऊं। आज भी मैं इस पक्ष में हूं जैसा आप कह रहे हैं सब्जुडिस् मैटर पर चर्चा नहीं हो और एडमिनिस्ट्रेटिव मैटर्स पर यदि चर्चा होती है तो मुझे किसी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं होगी। इतना ही मैं आपको कह सकता हूं। आप किस तरह से चर्चा करना चाहते हैं? अभी चर्चा करना चाहते हैं या कल?

श्री कपिल सिब्बल : सर, हम आपसे रिक्वेस्ट करना चाहते हैं।

श्री सभापति : मेरी बात सुन लीजिए। आप चर्चा करना चाहें तो मुझे कोई आपत्ति नहीं है और यदि आप कल चर्चा करना चाहें और आप चाहें हाऊस एडजॉर्न किया जाए उसके लिए हाऊस भी एडजॉर्न करूंगा। लेकिन आप भी समझिए कि हाऊस के सामने और कई मामले हैं और यह हाऊस जितने दिन चलेगा उसके मुकाबले में बिजनेस बहुत ज्यादा है। अगर आप दूसरा बिजनेस लेना चाहें उसके लिए तैयार हों तो मैं उसके लिए तैयार हूं और यदि यही चाहते है कि हाऊस एडजॉर्न करना है तो मुझे कोई आपत्ति नही होगी। अब आप इस पर विचार कर लें।

श्री कपिल सिब्बल : हम आपसे आग्रह करते है कि सर, आप कल यह मामला लीजिए।

श्री सभापति : सदन की कार्रवाई कल 11 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

The House then adjourned at nine minutes past two of the clock, till eleven of the clock on Wednesday, the 23rd July, 2003.

MGIPMRND—2793RS—13.02.2004.